स्पाइस मनी का जीरो इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम

मुंबई. फिनटेक कंपनी स्पाइस मनी ने आज घोषणा की है कि यह ग्रामीण उद्यमियों के लिए अपनी तरह का अनूठा जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम लेकर आई है। इससे ग्रामीण उद्यमियों को बिना किसी लागत के स्पाइस मनी अधिकारी नेटवर्क का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। हाल में केन्द्र के बजट में वित्त मंत्री ने डिजिटल पेमेंट्स पर सरकार के फोकस का उल्लेख किया था। स्पाइस मनी सरकार के इस विजन का समर्थन करती है और अर्ध शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में अपना पूरा सहयोग देना चाहती है। यह जानकारी स्पाइस मनी के फाउंडर दिलीप मोदी ने दी।